INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# राजस्थान EO & RO

## REVENUE OFFICER (2nd Grade)

## & EXECUTIVE OFFICER (4th Grade)

**RAJASTHAN PUBLIC SERVICE COMMISSION**



ॐ सरस्वती मया दृष्ट्वा, वीणा पुस्तक धारणीम।

हंस वाहिनी समायुक्ता मां विद्या दान करोतु में ॐ।।

## भाग – 2

## राजस्थान का भूगोल + भारत का संविधान

# प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**RPSC Executive Officer / Revenue Officer**" को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा "**RPSC Executive Officer / Revenue Officer**" भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें **/***

***अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/***

**प्रकाशकः**

**INFUSION NOTES**

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com

**WhatsApp करें - https://wa.link/klbi9k**

**Online Order करें -https://bit.ly/eo-ro-notes**

| | |
|---|---|
| **मूल्य : ₹** | **संस्करण : नवीनतम** |

## राजस्थान का भूगोल


| क्र.सं. | अध्याय | पेज नं. |
|---|---|---|
| 1 | प्रमुख भू – आकृतिक प्रदेश एवं उनकी विशेषताएं | 1 |
| 2 | जलवायु की विशेषताएं | 13 |
| 3 | प्रमुख नदियाँ एवं झीलें | 26 |
| 4 | प्राकृतिक वनस्पति एवं मृदा | 46 |
| 5 | प्रमुख फसलें | 62 |
| 6 | प्रमुख उद्योग | 73 |
| 7 | प्रमुख सिंचाई परियोजनाएँ एवं जल संरक्षण तकनीकें | 76 |
| 8 | जनसंख्या-वृद्धि, घनत्व, साक्षरता, लिंगानुपात एवं प्रमुख जनजातियाँ | 88 |
| 9 | ऊर्जा संसाधन-परम्परागत एवं गैर परम्परागत | 98 |
| 10 | जैव विविधता एवं इनका संरक्षण | 110 |
| 11 | पर्यटन स्थल एवं परिपथ | 114 |
| 12 | खनिज सम्पदाएँ | 130 |
| | | |
| | भारतीय संविधान | |
| 1 | संविधान सभा एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि | 143 |
| 2 | भारतीय संविधान की विशेषताएँ | 148 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | संविधान संशोधन | 151 |
| 4 | उद्धेशिका (प्रस्तावना) | 158 |
| 5 | मौलिक अधिकार (मूल अधिकार) | 162 |
| 6 | नीति निदेशक तत्व | 171 |
| 7 | मूल कर्तव्य | 174 |
| 8 | राष्ट्रपति | 179 |
| 9 | प्रधानमंत्री एवं मंत्रिपरिषद् | 198 |
| 10 | भारतीय संसद | 204 |
| 11 | उच्चतम न्यायालय और न्यायिक पुनर्विलोकन | 215 |
| 12 | निर्वाचन आयोग | 220 |
| 13 | नियंत्रक एवं (अनुच्छेद – 148 -151) महालेखा परीक्षक | 224 |
| 14 | नीति आयोग | 226 |
| 15 | केंद्रीय सतर्कता आयोग | 228 |
| 16 | लोकपाल | 233 |
| 17 | केंद्रीय सूचना आयोग | 236 |
| 18 | राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग | 240 |
| 19 | भारत में लोकतांत्रिक राजनीति | 242 |
| 20 | गठबंधन सरकारें | 246 |
| 21 | राष्ट्रीय एकीकरण | 250 |

# राजस्थान का भूगोल

## अध्याय – 1

## प्रमुख भू – आकृतिक प्रदेश एवं उनकी विशेषताएं

**नोटः-** प्रिय पाठकों जैसा कि आपको ज्ञात है कि राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य है। इस विशाल राज्य में रेगिस्तान, नदियाँ, पर्वत एवं पहाडियाँ, पठार अलग - अलग क्षेत्रों में पाये जाते है ।

**नोटः-** भौगोलिक रूप से राजस्थान को चार भौतिक प्रदेशों में बाँटा गया है-

1. **पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश** – वह क्षेत्र जहाँ पर रेगिस्तान पाया जाता है।
2. **अरावली पर्वतमाला** - वह क्षेत्र जहाँ पर अरावली पर्वतमाला का विस्तार है।
3. **पूर्वी मैदानी प्रदेश**- वह क्षेत्र जहाँ पर अधिकांश **दोमट व जलोढ़** मिट्टी पाई जाती हैं।
4. **दक्षिणी - पूर्वी पठारी प्रदेश** - वह क्षेत्र जहाँ पर अधिकांश मात्रा में **काली मिट्टी** पाई जाती है, इस क्षेत्र को **हाड़ौती का पठार** भी कहते हैं।

प्रिय छात्रों, इन चारों प्रदेशों का विस्तृत वर्णन इस प्रकार है-

### पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेशः-

- जैसा कि पहले ही बताया जा चुका है कि राजस्थान का पश्चिमी मरुस्थलीय क्षेत्र टेथिस सागर का अवशेष है, और अरावली क्षेत्र गोंडवाना लैंड का हिस्सा है।
  पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश का सामान्य परिचय :-
  **वर्तमान में रेगिस्तान का विस्तार राज्य के कुल 61.11 प्रतिशत हिस्से पर है।**
  **नोटः-** पहले ये क्षेत्र केवल 58 प्रतिशत भाग पर ही सीमित था, लेकिन वर्तमान में अरावली पर्वतमाला के कटी – फटी होने के कारण मरुस्थल का विस्तार पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ रहा है।
  अरावली पर्वतमाला के पश्चिम में कुल 21 जिले स्थित हैं, उनमें से **20 जिलों में रेगिस्तान का विस्तार** है । यह जिले निम्न प्रकार है-

1. **बीकानेर संभाग** – गंगानगर, हनुमानगढ़, अनूपगढ़, बीकानेर
2. **जोधपुर संभाग** – जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, बालोतरा, फलौदी, जैसलमेर, बाड़मेर
3. **सीकर संभाग** – झुंझुनू, सीकर, चुरू, नीमकाथाना
4. **अजमेर संभाग –** नागौर, ब्यावर, डीडवाना, कुचामन
5. **पाली संभाग** – पाली, जालौर, सांचौर, सिरोही (अपवाद)



***नोटः** – राज्य के **सिरोही जिले में मरुस्थल का विस्तार नहीं है** अर्थात् अरावली के पश्चिम में स्थित **21 जिलों में से सिरोही एक मात्र ऐसा** जिला है, जो मरुस्थलीय जिलों की श्रेणी में शामिल नहीं है।*

- ***थार का रेगिस्तान** राजस्थान के उत्तर-पश्चिम भाग और पाकिस्तान में सिंध तथा पंजाब तक फैला है।*
- *यह **उत्तर – पश्चिम में 644 किमी॰ लम्बा और 360 किमी॰ चौड़ा है** ।*
- *इस का सामान्य ढ़ाल **उत्तर – पूर्व से दक्षिण – पश्चिम** की ओर है ।*
- *मरुस्थल का **ऊँचा उठा हुआ उत्तर -पूर्वी भाग 'थली' तथा दक्षिण-पश्चिम भाग नीचे का 'तली'** कहलाता है।*

*इस मरुस्थलीय क्षेत्र में राज्य की कुल **जनसंख्या का लगभग 40** प्रतिशत हिस्सा निवास करता है।*

*यह **विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला मरुस्थल** है तथा इसके अलावा यह विश्व में सर्वाधिक जैव विविधता वाला मरुस्थल भी है।*

***प्रश्न.1 भारत के थार मरुस्थल का कितना भाग राजस्थान में है?***

***A. 40 प्रतिशत** **B. 60 प्रतिशत***

***C. 80 प्रतिशत** **D. 90 प्रतिशत***

***उत्तर - B***

- *थार के मरुस्थल की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ है, कि यह **विश्व का एक मात्र** ऐसा मरुस्थल है, जिसके निर्माण में **दक्षिण पश्चिम मानसूनी हवाओं का मुख्य योगदान** है।*
- *थार का मरुस्थल भारतीय उपमहाद्वीप में ऋतु चक्र को भी नियंत्रित करता है ।*
- *ग्रीष्म काल में तेज गर्मी के कारण इस प्रदेश में न्यून वायु दाब केन्द्र विकसित हो जाता है। जो दक्षिण - पश्चिमी मानसूनी हवाओं को आकर्षित करता है। यह हवायें सम्पूर्ण प्रायद्वीप में वर्षा करती है ।*
- *भारतीय उपमहाद्वीप में मानसून को आकर्षित करने में इस मरुस्थल की उपस्थिति अत्यन्त महत्तवपूर्ण है।*

*इस क्षेत्र में शुष्क एवं अत्यंत विषम जलवायु पाई जाती है और तापमान गर्मियों में अत्यधिक (49° C तक) तथा सर्दियों में न्यूनतम (3° C तक) रहता है।*

*आँकल जीवाश्म पार्क, जलोढ्दि तलछट व लिग्नाइट, खनिज तेल इत्यादि से इस तथ्य की पुष्ठि होती है, कि **थार का मरुस्थल 'पर्माकार्बोनिफेरस युग'** में टेथिस सागर का हिस्सा था।*

***नोटः**-मरुस्थलीकरण का मूल कारण :-*

- *मरुस्थलीकरण की समस्या सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त है। विश्व की कुल जनसंख्या का छठवाँ हिस्सा मरुस्थलीकरण की समस्या से प्रभावित है।*
- *सन् 1952 में "Symposia on Indian Desert" का आयोजन किया गया जिसमें थार के मरुस्थल की उत्पत्ति पूर्व में इसका विस्तार आदि पर विस्तृत चर्चा की गई है।*

***<u>क्या होता है मरुस्थलीकरण?</u>***

- *उपजाऊ एवं अमरुस्थलीय भूमि का क्रमिक रूप शुष्क प्रदेश अथवा मरुस्थल में परिवर्तित हो जाने की प्रक्रिया ही मरुस्थलीकरण है ।*
- *मरुस्थलीकरण प्रकृति की परिघटना है जो **जलवायवीय परिवर्तन व दोष पूर्ण भूमि उपयोग के कारण होती है।***
- *यह क्रम वृद्धि परिघटना है , जिसमें मानव द्वारा भूमि उपयोग पर दबाव के कारण परिवर्तन होने से परितंत्र का अवनयन होता है।*

***मरुस्थलीकरण का सबसे महत्वपूर्ण कारण-***

- *भूमि का अविवेकी उपयोग*
- *पशुचारन*
- *निरंतर वर्षा में कमी*
- *संसाधनों का अति दोहन*
- *जनसंख्या वृद्धि इत्यादि।*

***थार का मरुस्थल 'ग्रेट पेलियो आर्कटिक अफ्रीका' मरुस्थल का ही पूर्वी भाग है।***

***थार के मरुस्थल में स्थित प्रमुख उद्यान 'राष्ट्रीय मरु उद्यान 'है।***

***<u>मरुभूमि राष्ट्रीय उद्यान</u>***

*राज्य का मरुस्थल उष्ण मरुस्थल की श्रेणी में आता है।*

*इस क्षेत्र की प्रमुख फसलें बाजरा, मोठ, ग्वार, इत्यादि है तथा **प्रमुख नदी 'लूनी'** है तथा प्रमुख नहर 'इंदिरा गाँधी 'नहर हैं*

*इस क्षेत्र में तीन प्रकार का मरुस्थल पाया जाता हैं*

*1. इर्ग 2. हम्मादा 3. रैग*

- ***रेतीले मरुस्थल को 'इर्ग' कहा जाता है।***
- ***पथरीले मरुस्थल को हम्मादा** कहा जाता है इसका विस्तार जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर व जालौर तक है।*
- *ऐसा मरुस्थल जि**समें रेत व पत्थर दोनों पाए जाते है,** अर्थात् **मिश्रित मरुस्थल को ' रैग' कहा जाता है।** यह जैसलमेर के निकट रामगढ़ व लोदृवा क्षेत्रों में पाया जाता है।*
- *प्रसिद्ध जन्तु वैज्ञानिक डॉ. ईश्वर प्रकाश ने कहा है कि राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्र को मरु क्षेत्र नहीं कहकर **'रूक्ष क्षेत्र'** कहा जाए क्योंकि यहाँ पर पर्याप्त मात्रा में **जैव विविधता** पाई जाती है।*
- ***नोटः- जोधपुर** राज्य का एकमात्र ऐसा जिला है जिसमें **सभी प्रकार के बालूका स्तूप** पाये जाते है। **तथा सर्वाधिक बालूका स्तूप जैसलमेर जिले में पाए जाते हैं।***

**बीजासण का पहाड़ :-** मांडलगढ़ के कस्बे के पास स्थित है।

**विंध्याचल पर्वत :-** राजस्थान के दक्षिण-पूर्व में तथा मध्य प्रदेश में स्थित है।

**भभूल्या :-** राजस्थान में ग्रीष्मकाल में चलनें वाली आँधियों से उत्पन्न वायु भंवर (चक्रवात) को स्थानीय भाषा में भभूल्या कहते हैं।

**पुरवइयाँ :- बंगाल की खाड़ी** से आने वाली **मानसूनी हवाओं को** राजस्थान के स्थानीय भाषा में पुरवइयाँ (पुरवाई) कहते हैं।

**शुष्क मरुस्थल**

**उत्तर - पश्चिम मरुस्थल** का वह क्षेत्र जहाँ वनस्पति नगण्य या नाम मात्र की पाई जाती है, तथा वर्षा बहुत ही कम मात्रा में होती है। इस क्षेत्र में **वर्षा 0 से 25 से.मी.** तक होती है।

इस क्षेत्र में **कांटेदार झाड़ियां** बहुतायात में पायी जाती है।

1. **बालूका स्तूप युक्त प्रदेश :-** उत्तर पश्चिम मरुस्थल का वह क्षेत्र जहाँ धोरे / टीले या टीबों का निर्माण होता है। यह राजस्थान के कुल मरुस्थल का 58.5 प्रतिशत है।

**बालूका स्तूप युक्त प्रदेश :-**

बालूका स्तूप युक्त प्रदेश के अन्तर्गत राज्य की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित छः जिले श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, अनूपगढ़, फलौदी तथा चुरु व पश्चिमी नागौर एवं जोधपुर जिला शामिल है।

2. **बालूका स्तूप मुक्त प्रदेश:-** उत्तर - पश्चिम मरुस्थल का वह क्षेत्र जहाँ धोरों का निर्माण नहीं होता है अर्थात् वह क्षेत्र जो चट्टानों से अच्छादित है बालूका स्तूप मुक्त प्रदेश है। यह राजस्थान के कुल मरुस्थल का 41.5 प्रतिशत भाग है।

इस क्षेत्र में **जुरासिक काल के जीवाश्म के अवशेष पाए जाते है** इसका उदाहरण **जैसलमेर जिले स्थित आँकल गाँव में 'वुड फॉसिल पार्क' है।**

**नोट:-** राज्य का **सबसे न्यूनतम वर्षा** वाला स्थान **सम गाँव जैसलमेर** जिले में स्थित है तथा यहीं गाँव (सम गाँव) राज्य का न्यूनतम वनस्पति या **वनस्पति रहित क्षेत्र है।**

इस क्षेत्र में जैसलमेर जिले की पोकरण तहसील, बाड़मेर जिले की छप्पन की पहाडियाँ, फलोदी जिले का कुछ पश्चिमी भाग इस प्रदेश के अन्तर्गत आता है।

1. **बालूका स्तूप :-**

- पवन द्वारा जब मिट्टी का निक्षेपण या जमाव होता है, तो बनने वाली संरचना बालूका स्तूप कहलाती है। जिन्हें टीले या टीबे भी कहा जाता है। तथा जैसलमेर की स्थानीय भाषा मे धरियन कहा जाता है।

**बालूका स्तूप के प्रकार :-**

1. **बरखान :- पवन**




- यह अर्द्धचंद्राकार आकृति का होता है इसका विस्तार शेखावटी क्षेत्र में जाता है, जिसमें सर्वाधिक चूरू जिले में है।
- यह सर्वाधिक नुकसानदायी एवं सर्वाधिक अस्थिर प्रकृति के होते हैं।

2. **अनुप्रस्थ :- पवन**




- ये हवा के लम्बवत् अर्थात् हवा के साथ समकोण पर बनने वाले स्तूप या टीले होते हैं।
- इनका विस्तार बाड़मेर, बालोतरा तथा जोधपुर ग्रामीण में पाया जाता है।

3. **अनुदैर्ध्य / रेखीय :- पवन**




- ये हवा की दिशा के समानांतर बनने वाले स्तूप / टीले होते हैं। इनका विस्तार जैसलमेर जिले में मुख्यतः पाया जाता है।

4. **तारानुमा बालूका स्तूप :- पवन**




- यह रेतीले मरुस्थल में पाए जाते हैं, तथा इनका निर्माण अनियमित हवाओं द्वारा होता है। इनमें न्यूनतम तीन या अधिक भुजा होती है।

16. अरावली पर्वतमाला राज्य के **कुल भू-भाग का 9% भाग** है जिस पर **संपूर्ण राज्य की 10% जनसंख्या निवास करती है।**

17. अरावली पर्वतमाला में मुख्य रूप से ढलान पहाड़ियों पर मक्का की खेती की जाती है। इस क्षेत्र में **उष्ण कटिबंधीय वन** पाए जाते हैं। इस क्षेत्र में **कंक्रीट लाल मिट्टी** पाई जाती है।

**प्रश्न -3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**

**A. अरावली मरुस्थल के पूर्ववर्ती विस्तार को रोकता है।**
**B. राजस्थान की सभी नदियों का उद्गम अरावली से है।**
**C. राजस्थान में वर्षा का वितरण प्रारूप अरावली से प्रभावित नहीं होता है।**
**D. अरावली प्रदेश धात्विक खनिजों में समृद्ध है।**

**(A) A, B और C सही हैं।**
**(B) B, C और D सही हैं।**
**(C) C और D सही हैं।**
**(D) A और D सही हैं।**

**उत्तर - D**

**नोट –** अरावली पर्वतमाला को अध्ययन की दृष्टि से मुख्य रूप से तीन भागों में बाँटा गया है -

1. उत्तरी – पूर्वी अरावली 2. मध्यवर्ती अरावली 3. दक्षिणी अरावली

1. **उत्तरी – पूर्वी अरावली –** इस क्षेत्र का विस्तार **जयपुर, जयपुर ग्रामीण, दूदू, खैरथल तिजारा, झुंझुनू, सीकर, नीमकाथाना, डीडवाना, कुचामन, दौसा, अलवर,** जिले में है। इस क्षेत्र में अरावली की श्रेणियां अनवरत ना होकर दूर - दूर हो जाती है । इस क्षेत्र में पहाड़ियों की सामान्य ऊँचाई 450 मीटर से 700 मीटर तक है इस प्रदेश की **प्रमुख चोटियाँ रघुनाथगढ़ (सीकर) 1055 मीटर,** खोह (जयपुर ग्रामीण) 920 मीटर, भेराच (अलवर) 792 मीटर, बरवाड़ा (जयपुर ग्रामीण) 786 मीटर है।

2. **मध्यवर्ती अरावली –** इस भाग में अरावली का विस्तार कम पाया जाता है जो कि ब्यावर के समीप है इसकी **सबसे ऊंची चोटी नाग पहाड़ियों में स्थित तारागढ़ (870 मीटर अजमेर) है** इसकी समुद्र तल से ऊँचाई 550 मीटर है। अरावली का यह भाग कटा - फटा होने के कारण यहाँ **अत्यधिक मात्रा में दर्रे** (स्थानीय भाषा में **नाल कटा** कहा जाता है) पाए जाते हैं जैसे - भीलवाड़ा की नाल (पाली), सोमेश्वर की नाल (पाली), बर्र दर्रा (पाली)
यह मुख्य रूप से अजमेर, पाली, ब्यावर, राजसमंद व कुछ भाग नागौर में विस्तृत है ।

3. **दक्षिणी अरावली –** यह मुख्य रूप से **सिरोही, उदयपुर, राजसमंद, सलूम्बर, डूंगरपुर** में विस्तृत है। इसकी **सबसे ऊंची चोटी जरगा चोटी (1481 मीटर उदयपुर में) है ।** इसकी समुद्र तल से औसत ऊँचाई 1000 मीटर है। इसमें मुख्य रूप से फुलवारी की नाल (उदयपुर), केवड़ा की नाल (उदयपुर) हल्दीघाटी की नाल (राजसमंद) में प्रमुख दर्रे पाए जाते हैं।

**नोट – फुलवारी की नाल वन्य जीव अभ्यारण्य तथा मानसी वाकल बेसिन के लिए प्रसिद्ध है ।** राज्य में सर्वाधिक नदियों का उद्गम अरावली पर्वत से होता है जबकि **सर्वाधिक नदियाँ कोटा संभाग में बहती हैं।**

राज्य के प्रमुख पर्वत, पठार एवं पहाड़ियाँ का नाम एवं उनके बारे में विशेष विवरण -

- **त्रिकुट की पहाड़ियाँ – जैसलमेर दुर्ग** इसी पहाड़ी में बना हुआ है
- **त्रिकूट पर्वत – करौली जिले** में स्थित है। इस पर्वत पर **प्रसिद्ध कैलादेवी मंदिर** स्थित है।
- बरवाड़ा की पहाड़ियाँ – यह पहाड़ियां जयपुर ग्रामीण जिले में स्थित है जबकि चौथ का बरवाड़ा सवाईमाधोपुर जिले की तहसील है, जहाँ पर चोरों की रक्षक देवी चौथ माता का प्रसिद्ध मंदिर है।
- भामती की पहाड़ी – यह बारां जिले में स्थित है शाहाबाद दुर्ग भी इसी पहाड़ी पर स्थित है
- **सारण की पहाड़ियाँ –** यह पाली जिले में स्थित हैं इन पहाड़ियों **पर मारवाड़ का भूला बिसरा राजा मारवाड़ का प्रताप / प्रताप** का **अग्रगामी राव चंद्रसेन की छतरी** बनी है।
- **मानी की पहाड़ी-** भरतपुर जिले में स्थित इन पहाड़ियों पर प्रसिद्ध **बयाना दुर्ग** स्थित हैं।
- **नानी सिरडी की पहाड़ी –** यह पहाड़ियाँ राज्य के पाली जिले में स्थित है इन पर **सोजत का किला** स्थित है।
- तारागढ़ की पहाड़ियाँ – यह पहाड़ियाँ अजमेर जिले में स्थित हैं इन की ऊँचाई 870 मीटर है
- तारागढ़ पर्वत – यह पर्वत राज्य के बूंदी जिले में स्थित है ।
- देशहरो – **जरगा तथा पहाड़ियों के मध्य हरियाली युक्त क्षेत्र को** देशहरो क्षेत्र कहते हैं
- **ऊपरमाल की पहाड़ियाँ –** बिजोलिया से भैंसरोड़गढ़ तक की क्षेत्र को ऊपरमाल की पहाड़ियाँ कहा जाता है देवगिरी की पहाड़ियाँ यहाँ पर प्रसिद्ध **छाजला आकार का दौसा दुर्ग स्थित है ।**
- हर्ष की पहाड़ियाँ – हर्ष की पहाड़ियाँ सीकर जिले में स्थित है । सीकर जिले में स्थित इन पहाड़ियों पर प्रसिद्ध जीणमाता का मंदिर है ।
- **उड़िया का पठार** राज्य के सिरोही जिले में स्थित है **यह राज्य का सबसे ऊंचा पठार है। इसकी ऊँचाई 1360 मीटर है,** जो गुरुशिखर के नीचे स्थित है।
- मामा भांजे की डूंगरी – यह दौसा की लालसोट तहसील में स्थित है ।
- **भाकर –** सिरोही जिले में स्थित कटी -फटी पहाड़ियों को भाकर कहते हैं ।

- ***गिरवा*** *- उदयपुर जिले में तश्तरीनुमा क्षेत्र जिस पर उदयपुर बसा हुआ है ।*
- *पंचेटिया या* ***चिड़िया टूक*** *– जोधपुर जिले में स्थित जिस पर* ***मेहरानगढ़ दुर्ग*** *स्थित है*
- ***भोराठ का पठार*** *- गोगुंदा से कुंभलगढ़ तक का पठारी भाग । यह पठार अरब सागर व बंगाल की खाड़ी के जलप्रवाह के बीच जल विभाजक का कार्य करता है। इसकी ऊँचाई 1225 मीटर है। यह राज्य का दूसरा सबसे ऊंचा पठार है।*
- ***भोमट*** *– मेवाड़ का दक्षिणी - पश्चिमी भाग जिसमें उदयपुर, डूंगरपुर तथा सिरोही का पूर्वी भाग शामिल है।*
- *बिजासन की पहाड़ी – भीलवाड़ा के मांडलगढ़ तक का पठारी क्षेत्र*
- *कालीखोह पर्वत श्रृंखला – जयपुर से आगरा तक विस्तृत पहाड़ियाँ ।*
- ***मानदेसरा का पठार –*** *इस पठार पर चित्तौड़गढ़ जिले में भैंसरोडगढ़ अभ्यारण्य स्थित है।*
- ***मेसा का पठार –*** *इस पठार की ऊँचाई 620 मीटर है। यह पठार चित्तौड़गढ़ जिलें में स्थित है। इस पठार पर चित्तौड़गढ़ का किला स्थित है।*
- ***क्रासका का पठार – व कांकनबाड़ी का पठार – यह*** *पठार अलवर जिले में स्थित है। इन दोनों पठारों पर सरिस्का अभ्यारण्य स्थित है।*

***नोट: – कर्नल जेम्स टॉड ने कालीखोह पर्वत श्रृंखला को मीणा जनजाति का आदिम स्थान बताया है*** *क्योंकि यह क्षेत्र में मीणा जनजाति अधिकांश मात्रा में निवास करती है*

***राज्य की प्रमुख पर्वत चोटियाँ -***

| **पर्वत चोटियों के नाम** | | **जिला** |
|---|---|---|
| गुरुशिखर पर्वत चोटी | - | सिरोही (1722 मीटर) |
| सेर पर्वत चोटी | - | सिरोही (1597 मीटर) |
| दिलवाड़ा पर्वत चोटी | - | सिरोही (1442 मीटर) |
| जरगा चोटी | - | उदयपुर (1431 मीटर) |
| धौलिया डूँगर | - | उदयपुर (1183 मीटर) |
| जेलिया डूँगर | - | उदयपुर (1166 मीटर) |
| जयराज पहाड़ी | - | सिरोही (1090 मीटर) |
| कामन मगरा चोटी | - | उदयपुर (989 मीटर) |
| बांकी का मगरा | - | उदयपुर (849 मीटर) |
| दुसानिया | - | उदयपुर (957 मीटर) |
| सज्जनगढ़ | - | उदयपुर (938 मीटर) |
| नागपाणी | - | उदयपुर |
| ऋषिकेश चोटी | - | सिरोही (1017 मीटर) |
| अचलगढ़ पर्वत श्रृंखला | - | सिरोही (1380 मीटर) |
| टोडगढ़ | - | ब्यावर (934 मीटर) |
| लोहार्गल पर्वत चोटी | - | (जवलगढ़) झुंझुनूं |
| भोजगढ़ पर्वत चोटी | - | नीमकाथाना |
| बबाई पहाड़ी | - | नीमकाथाना |
| अथवाड़ा पर्वत चोटी | - | झुंझुनूं (840 मीटर) |
| हर्ष पहाड़ी | - | सीकर |
| कमलनाथ पर्वत चोटी | - | उदयपुर |
| मालखेत की पहाड़ियाँ | - | सीकर |
| रघुनाथगढ़ पहाड़ियाँ | - | सीकर |
| कुंभलगढ़ पहाड़ियाँ | - | राजसमंद |
| भैराज चोटी | - | अलवर |
| खो पहाड़ी | - | जयपुर ग्रामीण |
| बैराठ पहाड़ी | - | कोटपूतली-बहरोड़ |
| तारागढ़ पहाड़ी | - | अजमेर |
| नागपहाड़ी | - | अजमेर |

***प्रश्न –4. निम्नलिखित में से कौनसा समूह राजस्थान की पर्वत चोटियों का उनकी ऊँचाई के अनुसार सही अवरोही क्रम है ?***

A. **देलवाड़ा, सज्जनगढ़, जरगा, तारागढ़**
B. **सेर, जरगा, सज्जनगढ़, तारागढ़**
C. **जरगा, सेर, सज्जनगढ़, तारागढ़**
D. **जरगा, देलवाड़ा, तारागढ़, सज्जनगढ़** **उत्तर - B**

***पूर्वी मैदानी भाग***

- *पूर्वी मैदानी भाग के बारे में जैसा कि आपको मालूम है, राजस्थान में स्थित अरावली पर्वतमाला के पूर्व में नदियों के प्रवाह वाला क्षेत्र है।*
- *जब नदियाँ एक स्थान से दूसरे स्थान पर जल का प्रवाह करती हैं तो अपने साथ मिट्टी, कंकड़ पत्थर, इत्यादि लेकर जाती हैं और धीमी प्रभाव वाले क्षेत्र में जमा कर देती हैं और इसी प्रकार इन सभी से मैदानी क्षेत्र का निर्माण होता है ।*
- *इसी प्रकार* ***अरावली के पूर्व में नदियों के प्रवाह के द्वारा लाई गई मिट्टी से निर्मित मैदानी भाग को "पूर्वी मैदानी भाग" के नाम*** *से जाना जाता है इसलिए इस क्षेत्र में*

***दोमट / जलोढ़ / कछारी मिट्टी अधिकांश मात्रा में पाई जाती है।***

***इस पूर्वी मैदानी*** *क्षेत्र में राज्य के निम्नलिखित जिले आते हैं -*

*जयपुर, दौसा, केकड़ी, शाहपुरा, भीलवाड़ा, करौली, गंगापुरसिटी, प्रतापगढ़, सलूम्बर, बाँसवाड़ा, डूंगरपुर, अजमेर, ब्यावर, चित्तौड़गढ़, टोंक, सवाई माधोपुर, धौलपुर, भरतपुर, डीग, अलवर।*

***पूर्वी मैदानी भाग*** *राज्य के कुल हिस्से का* ***23.3% भाग*** *बनाता है अर्थात् कुल राजस्थान के क्षेत्रफल के* ***23.3%*** *हिस्से पर पूर्वी मैदानी भाग है जिस पर राज्य की* ***कुल जनसंख्या का 39% हिस्सा निवास करता है।***

*चूंकि* ***जलोढ़ मिट्टी कृषि के लिए सबसे ज्यादा उपजाऊ*** *होती है इसलिए पूर्वी मैदानी भाग में निवास करने वाली 39% जनसंख्या में से अधिकांश लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि है। इस क्षेत्र में* ***50 सेमी० से 80 सेमी० मीटर तक वर्षा*** *होती है।*

*इस प्रदेश में आर्द्र जलवायु तथा जलोढ़ दोमट मिट्टी के कारण सर्वाधिक खाद्यान्न उत्पन्न होता है, इस कारण इस प्रदेश को* ***खाद्यान्न का कटोरा*** *कहा जाता है।*

*अध्ययन की दृष्टि से पूर्वी मैदानी भागों को चार उप भागों में बाँटा गया है।*

1. *चम्बल बेसिन* ***(चंबल नदी का प्रवाह क्षेत्र)*** -
2. *बनास बेसिन* ***(बनास नदी का प्रवाह क्षेत्र)***
3. *माही बेसिन* ***(माही नदी का प्रवाह क्षेत्र)***
4. *बाणगंगा बेसिन*




***चंबल बेसिन -***

*चंबल नदी का प्रवाह क्षेत्र चित्तौड़गढ़, कोटा, बूंदी, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर है। इस प्रवाहित क्षेत्र को चंबल बेसिन के नाम से जाना जाता है। इस क्षेत्र में चंबल के साथ इसकी सहायक नदियाँ भी बहती है*

***नोट :- भारत में सर्वाधिक उत्खात स्थलाकृति चंबल नदी के आस - पास मिलती है।*** *उत्खात स्थलाकृति से आशय ऐसी भूमि से है* ***जो कृषि योग्य नहीं है।***

*इसी क्षेत्र में सर्वाधिक बीहड़ पाए जाते हैं*

***बीहड़ -*** *नदियों के प्रभाव से मिट्टी का कटाव होने से बनी मिट्टी की कटी - फटी गहरी घाटियों को भी बीहड़ कहा*

**राजस्थान के जलवायु प्रदेश -**

राजस्थान में लगभग सभी प्रकार की जलवायु पाई जाती है वह प्रदेश जहाँ विशिष्ट जलवायविक तत्वों में औसत आंतरिक समरूपता पाई जाती है, "जलवायु प्रदेश" कहलाता है।

इस दृष्टि से कोपेन, थार्नवेट, तथा ट्रिवार्था ने राजस्थान की जलवायु को विभिन्न जलवायु प्रदेशों में विभाजित किया है परंतु सामान्यतः राजस्थान में पांच प्रकार की जलवायु पाई जाती है –




1. **शुष्क जलवायु प्रदेश -**

**क्षेत्र - जैसलमेर, उत्तरी बाड़मेर, बीकानेर का पश्चिमी भाग, फलौदी, श्री गंगानगर जिला का दक्षिणी भाग और अनूपगढ़ ।**

- वर्षा – 0 से 20 सेमी.,
- तापमान - 30 डिग्री से अधिकतम 40 डिग्री सेल्सियस तक (गर्मियों में)
- 12 डिग्री से अधिकतम 16 डिग्री सेल्सियस तक (सर्दियों में)
- इस जलवायु प्रदेश में एंटीसोल मृदा तथा मरुद्भिद (जीरोफाइट) प्रकार की वनस्पति पायी जाती है।

2. **अर्द्ध शुष्क / स्टेपी जलवायु प्रदेश -**

**क्षेत्र –** श्रीगंगानगर का उत्तरी भाग, पूर्वी बीकानेर, चुरू, हनुमानगढ़, झुंझुनू, सीकर, नीमकाथाना, नागौर, डीडवाना-कुचामन, पाली, जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, जालौर, सांचौर, बालोतरा और उत्तरी भाग को छोड़कर शेष बाड़मेर ।

- इस जलवायु प्रदेश में रेतीली बलुई मृदा (एरिडीसोल) तथा स्टेपी प्रकार की वनस्पति पायी जाती है।

**वर्षा** - 20 से 40 सेमी.,

**तापमान** -32 से 36 डिग्री सेल्सियस (ग्रीष्मकाल)

10 से 17 डिग्री सेल्सियस (शीतकाल)

3. **उप आर्द्र शुष्क जलवायु प्रदेश -**

**क्षेत्र -** जयपुर, जयपुर ग्रामीण, दूदू, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, अलवर, डीग, भरतपुर, टोंक, दौसा, अजमेर, केकड़ी, ब्यावर, शाहपुरा, भीलवाड़ा तथा पाली का पूर्वी भाग।

- इस जलवायु प्रदेश में सम जलवायु, मिश्रित पतझड़ वन (धौंकड़ा वन) तथा एल्फीसोल (जलोढ़ मृदा) पाई जाती है।

**वर्षा** - 40 सेंटी मीटर से 60 सेमी.,

**तापमान**- 28 से 34 डिग्री सेल्सियस (ग्रीष्मकाल)

- 12 से 18 डिग्री सेल्सियस (शीतकाल)

4. **आर्द्र जलवायु प्रदेश -**

**क्षेत्र –** करौली, सवाईमाधोपुर, गंगापुरसिटी, धौलपुर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, सिरोही और राजसमन्द ।

- इस जलवायु प्रदेश में लाल-काली मृदा (इनसेप्टीसोल) तथा मिश्रित वनस्पति पायी जाती है।

**वर्षा** - 60 से 80 सेमी.,

**तापमान** - 32 से 34 डिग्री सेल्सियस (ग्रीष्मकाल में), शीतकाल में 14 डिग्री से 17 डिग्री सेल्सियस

5. **अति आर्द्र जलवायु प्रदेश -**

**क्षेत्र** - डूंगरपुर, बांसवाडा, प्रतापगढ़, उदयपुर, सलूम्बर, कोटा, बारां, झालावाड़, तथा माउंट आबू ।

इस प्रदेश में सवाना और सदाबहार वनस्पति तथा मध्यम काली मृदा (वर्टीसोल) पायी जाती है।

**तापमान** – शीतकाल में 12 डिग्री से 18 डिग्री सेल्सियस व ग्रीष्मकाल में 30 से 34 डिग्री सेल्सियस ।

**वर्षा** - 80 से 150 सेमी. तक

कोपेन के अनुसार जलवायु प्रदेश




***निष्कर्ष -***

- *अतः वर्तमान में जलवायु परिवर्तन के कारण स्थानीय जलवायु में तीव्र परिवर्तन हो रहे हैं जैसे :- बाड़मेर में बाढ़ आना, वर्षा की तीव्रता एवं आवृत्ति में परिवर्तन, ऋतु में अचानक परिवर्तन आदि । धारणीय विकास पर्यावरण और पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ावा देकर इसे नियंत्रित करने की आवश्यकता है।*

***<u>थार्न्वेट के अनुसार जलवायु प्रदेशों का वर्गीकरण</u>***

थार्नवेट के अनुसार जलवायु प्रदेश



## महत्त्वपूर्ण प्रश्न

**1. राजस्थान में "मावठ" का संबंध है-**
a. दक्षिण-पूर्व मानसून से
b. उत्तर-पूर्व मानसून से
c. पश्चिमी विक्षोभों से
d. प्रत्यावर्ती मानसून से
**उत्तर- (c)**

**2. राजस्थान में शीतकाल में वर्षा करने वाले विक्षोभों की उत्पत्ति होती है-**
a. भूमध्य सागर एवं कैस्पियन सागर
b. अरब सागर
c. लाल सागर
d. बाल्टिक सागर
**उत्तर - (a)**

**3. निम्न में से राजस्थान की जलवायु का नियंत्रक है**
a. मृदा अपरदन
b. कृषि क्षेत्र का विस्तार
c. अरावली पर्वतमाला
d. सिंचित क्षेत्र
**उत्तर-(c)**

**4. राजस्थान में धूलभरी आँधियाँ चलने के लिए आवश्यक दशा कौनसी है?**
a. उच्च वार्षिक तापान्तर
b. शीत ऋतु में उच्च वायुदाब
c. संवहनीय क्रियाएँ
d. तिब्बत के पठार पर निम्न वायुदाब दशाएँ
**उत्तर - (c)**

**5. राजस्थान के जिस जिले की वार्षिक वर्षा में विषमता का प्रतिशत सर्वाधिक है, वह है-**
a. बाड़मेर
b. जयपुर
c. जैसलमेर
d. बांसवाड़ा
**उत्तर - (d)**

**6. राजस्थान के कौन से जिले 'आर्द्र दक्षिणी-पूर्वी मैदान' 'कृषि जलवायु प्रदेश के अन्तर्गत आते हैं?**
a. डूंगरपुर तथा बांसवाड़ा
b. डूंगरपुर, बाँसवाड़ा तथा प्रतापगढ़
c. राजसमन्द, भीलवाड़ा तथा चित्तौगढ़
d. कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, सवाई माधोपुर
**उत्तर - (d)**

**7. राज्य का "आर्द्र जिला" कहलाता है-**
a. उदयपुर
b. झालावाड़
c. बाँसवाड़ा
d. चित्तौड़गढ़
**उत्तर - (b)**

**8. थार्नवेट के CAw में राजस्थान के कौनसे क्षेत्र सम्मिलित है-**
a. उत्तरी-पश्चिमी
b. दक्षिणी और दक्षिणी पूर्वी
c. उत्तर-पूर्वी
d. दक्षिणी -पश्चिमी और मध्य
**उत्तर - (d)**

**9. राजस्थान की निम्न में से कौन सी फसल मावठ से लाभान्वित नहीं होती है?**
a. गेहूँ
b. चना
c. सरसों
d. कपास
**उत्तर - (d)**

**10. राजस्थान को दो भागों में बांटने वाली "सम वर्षा" रेखा है -**
a. 25 सेमी. की
b. 50 सेमी. की
c. 100 सेमी. की
d. 150 सेमी. की
**उत्तर - (b)**

# अध्याय – 3

## प्रमुख नदियाँ एवं झीलें

**अपवाह तंत्र -**

- जब नदी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जल का प्रवाह करती हैं, तो उसे अपवाह तंत्र कहते हैं ।
- अपवाह तंत्र में नदियाँ एवं उसकी सहायक नदियाँ शामिल होती हैं।
- जैसे गंगा और उसकी सहायक नदियाँ मिल कर एक अपवाह तंत्र बनाती हैं उसी प्रकार सिंधु और उसकी सहायक नदियाँ (झेलम, रावी, व्यास, चिनाब ) मिलकर एक अपवाह तंत्र बनाती हैं।
- इसी तरह ब्रह्मपुत्र नदी और उसकी सहायक नदियाँ भी अपवाह तंत्र बनाती हैं।
- भारत की सबसे लंबी नदी गंगा है तथा सबसे बड़ा अपवाह तंत्र वाली नदी ब्रह्मपुत्र हैं।

अब हम अध्ययन करेंगे राजस्थान के अपवाह तंत्र के बारे में।

- राजस्थान में कई नदियाँ हैं जैसे लूनी, माही, बनास, चंबल। इसके अलावा यहाँ पर स्थित कई झीलें भी इस अपवाह तंत्र में शामिल होती हैं ।
- प्रिय छात्रों जैसा कि आपको मालूम है राजस्थान में **अरावली पर्वतमाला** स्थित है, यह राजस्थान के लगभग बीच में स्थित है इसलिए यह **राज्य की नदियों का स्पष्ट रूप से दो भागों** में विभाजित करती है।
- **इसके पूर्व में बहने वाली नदियाँ अपना जल बंगाल की खाड़ी में** तथा इसके **पश्चिम में बहने वाली नदियाँ अपना जल अरब सागर** में लेकर जाती हैं।
- राजस्थान के अपवाह तंत्र को हम दो भागों में विभक्त करेंगे फिर उनके अन्य क्रमशः 4 एवं 3 उप भाग होंगे -

1. क्षेत्र के आधार पर वर्गीकरण
2. अपवाह के आधार पर वर्गीकरण

1. क्षेत्र के आधार पर वर्गीकरण को चार भागों में बाँटा गया है -

(अ) उत्तरी व पश्चिमी राजस्थान- इस तंत्र में लूनी, जवाई, सूकड़ी, बांडी, सागी जोजड़ी घग्घर, कातली नदियाँ शामिल होती है ।

(ब) दक्षिण व पश्चिमी राजस्थान - इसमें पश्चिमी बनास, साबरमती, वाकल, व सेई नदियाँ शामिल होती है

(स) दक्षिणी राजस्थान - इसमें माही, सोम, जाखम, अनास मोरेन नदियाँ शामिल होती हैं ।

(द) दक्षिण - पूर्वी राजस्थान - इसमें चंबल, कुनु, पार्वती, कालीसिंध, कुराल, आहू, नेवज, परवन, मेज, गंभीरी, छोटी कालीसिंध, ढीला, खारी, माशी, कालीसिल, मोरेल, डाई, सोहादरा आदि नदियाँ शामिल होती हैं।

2. अपवाह के आधार पर वर्गीकरण - प्रिय छात्रों नदियों के विभाजन का सबसे अच्छा तरीका है और इसी आधार पर नदियों को तीन भागों में बाँटा गया है

**(अ) बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदियाँ**

इस अपवाह तंत्र में प्रमुख नदियाँ शामिल होती है । जैसे **चंबल, बनास, कालीसिंध, पार्वती, बाणगंगा, खारी, बेड़च, गंभीरी, मेनाल, कोठारी, आहू, कालीसिंध तथा परवन आदि।** ये नदियाँ अरावली के पूर्व में बहती हैं इनमें कुछ नदियों का उद्गम स्थल अरावली का पूर्वी घाट तथा कुछ का मध्यप्रदेश का विंध्याचल पर्वत है यह सभी नदियाँ अपना जल यमुना नदी के माध्यम से बंगाल की खाड़ी में ले जाती हैं।

**(ब) अरब सागर में गिरने वाली नदियाँ -**

इस अपवाह तंत्र में शामिल प्रमुख नदियाँ है । जैसे **माही, सोम, जाखम, साबरमती, पश्चिमी बनास, लूणी, जोजड़ी, बांडी, सूकड़ी इत्यादि। पश्चिमी बनास, लूनी गुजरात के कच्छ के रण में विलुप्त हो जाती हैं,** ये सभी नदियाँ अरब सागर की ओर अपना जल लेकर जाती हैं।

**(स) अंतः प्रवाह वाली नदियाँ -**

बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदियाँ और अरब सागर में गिरने वाली नदियों के अलावा कुछ छोटी नदियाँ भी हैं जो कुछ दूरी तक प्रभावी होकर राज्य में अपने क्षेत्र में विलुप्त हो जाती हैं तथा उनका जल समुद्र तक नहीं जा पाता है, इसलिए इन्हें आंतरिक प्रवाह वाली नदियाँ कहा जाता है, जैसे:-**काकनी, कांतली, साबी घग्घर, मेंथा, बांडी, रूपनगढ़ इत्यादि ।**

राजस्थान राज्य की नदियों से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य जो की परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है -

राजस्थान की अधिकांश नदियों का प्रवाह क्षेत्र अरावली पर्वत की पूर्व में है ।

- **राजस्थान में चंबल तथा माही के अलावा अन्य कोई नदी बारह मासी नहीं है।**
- **राज्य में चूरू, बीकानेर व फलौदी तीन ऐसे जिले हैं जहाँ कोई नदी नहीं है ।**
- श्रीगंगानगर में पृथक् से कोई नदी नहीं है लेकिन वर्षा होने पर घग्घर नदी का बाढ़ का पानी सूरतगढ़, अनूपगढ़ तक चला जाता है ।
- राज्य के 60% भू-भाग पर आंतरिक जल प्रवाह का विस्तार है।
- राज्य में सबसे अधिक सतही जल चंबल नदी में उपलब्ध है।

- ***राज्य में बनास नदी का जल ग्रहण क्षेत्र सबसे बड़ा है।***
- ***राज्य में सर्वाधिक नदियाँ कोटा संभाग में*** *बहती हैं ।*
- ***राज्य की सबसे बड़ी नदी चंबल है।***
- *पश्चिमी राजस्थान की जीवन रेखा इंदिरा गांधी नहर परियोजना को कहते हैं ।*
- *मारवाड़ की जीवन रेखा लूनी नदी को कहते हैं ।*
- *बीकानेर की जीवन रेखा कंवर सेन लिफ्ट परियोजना को कहते हैं ।*
- *राजसमंद की जीवन रेखा नंद समंद झील कहलाती है ।*
- *भरतपुर की जीवन रेखा मोती झील है ।*
- *गुजरात की जीवन रेखा नर्मदा परियोजना है ।*
- *जमशेदपुर की जीवन रेखा स्वर्ण रेखा नदी को कहा जाता है इस नदी पर हुंडरू जल प्रपात स्थित है ।*
- *आदिवासियों की या दक्षिणी राजस्थान की जीवन रेखा माही नदी को कहा जाता है ।*
- *पूरे राज्य में बहने वाली सबसे बड़ी नदी बनास है ।*
- *भारत सरकार द्वारा राजस्थान भूमिगत जल बोर्ड की स्थापना 1955 में की गई थी । इस बोर्ड का नियंत्रण राजस्थान सरकार को सौंपा गया था। 1971 से इस बोर्ड को भूजल विभाग के नाम से जाना जाता है इसका कार्यालय जोधपुर में है ।*
- *पूर्णत : राजस्थान में बहने वाली सबसे लंबी नदी तथा सर्वाधिक जल ग्रहण क्षेत्र वाली नदी बनास है ।*
- *चंबल नदी पर भैंसरोड़गढ़ (चित्तौड़गढ़) के निकट चूलिया जल प्रपात तथा मांगली नदी पर बूंदी में "भीमलत प्रपात" है ।*
- *सर्वाधिक जिलों में बहने वाली नदियाँ चंबल, बनास, लूणी है, जो कि प्रत्येक नदी 6 जिलों में बहती है ।*
- ***अंतर्राज्य सीमा बनाने वाली एक मात्र नदी है चंबल,*** *जो कि राजस्थान व मध्यप्रदेश की सीमा बनाती है।*
- *टोंक जिले की राजमहल नामक जगह पर बनास नदी, डाई नदी तथा खारी नदी के द्वारा त्रिवेणी संगम बनाया जाता है। यहाँ शिव एवं सूर्य की संयुक्त प्रतिमा स्थित है, जो मार्तंड भैरव मंदिर या देवनारायण मंदिर के नाम से जाना जाता है यहाँ नारायण सागर बाँध स्थित है।*

*प्रिय छात्रों अब हम प्रत्येक अपवाह तंत्र को विस्तृत रूप से समझते हैं । सबसे पहले हम बंगाल की खाड़ी की ओर चले जाने वाली नदियों का अध्ययन करेंगे -*

1. ***<u>चंबल नदी</u> –*** *प्रिय छात्रों चंबल नदी के बारे में हम समझते हैं कि क्या है इसकी महत्वपूर्ण विशेषताएं –*



- अंत में रामगढ कोटा में यह **कालीसिंध में मिल जाती है। बारां जिले में शेरगढ़ अभ्यारण इसी नदी के पास है।**
- बारां जिले में इस नदी पर परवन परियोजना शुरू की गयी है।
- सहायक नदियाँ – धार, छापी, घोड़ा पछाड़, निमाज

**सोहद्रा** :-

- यह एक महत्वपूर्ण नदी है जो कि टोरड़ी सागर बाँध को भरती है।
- यह नदी अजमेर जिले के दक्षिण में 13 किलोमीटर की दूरी पर अराय गाँव से निकलती है।
- दूंदिया गाँव ( टोंक जिला ) के निकट यह मानसी में मिल जाती है, तत्पश्चात् गलोद गाँव पर माशी के साथ संयुक्त रूप से बनास नदी में मिल जाती है।
- जिले के अंतर्गत इसका बहाव लगभग 75 किलोमीटर में क्षेत्रों में है।
- अन्य छोटी नदियाँ खारी व डाई हैं जो अजमेर की ओर बहती है और बनास नदी में मिल जाती हैं, पहली नेगड़िया के पास व दूसरी बीसलपुर पर बांडी जयपुर जिले की चाकसू तहसील से निकलती है और चतरपुरा के निकट मानसी में मिल जाती है।

**रेवा नदी** :-

- यह नदी मध्यप्रदेश राज्य के भानपुरा तहसील की पहाड़ियों से निकलती है और पश्चिम में प्रवाहित होती हुई बुद्ध नगर के निकट झालावाड़ जिले के पचपहाड़ तहसील में प्रवेश करती है।
- अंत में यह नदी भीलवाड़ा गाँव के निकट आहू से मिल जाती है।

**गुंजाली** :-

- यह एक सहायक नदी है जो चंबल में मिल जाती है।
- इसका उद्गम मध्यप्रदेश में जाट गाँव के पास से है।
- दौलतपुर गाँव के निकट के चित्तौड़गढ़ जिले में प्रवेश करती है और पूर्व की ओर बहती है।
- चित्तौड़गढ़ जिले में यह मोरेन, अमरगंज व कुआँखेड़ा गाँव से होकर निकलती है।
- अंततः अरनिया गाँव के पास यह **चंबल नदी में मिल** जाती है।

**चंद्रभागा नदी** :-

- यह छोटी नदी है जो सेमली नामक गाँव के निकट से निकलती है।
- इसके पश्चात् यह झालरापाटन तहसील में केवल 7 किलोमीटर तक प्रवाहित होती है और खंडियाँ गाँव के निकट कालीसिंध में मिल जाती है।
- कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर झालरापाटन कस्बे के निकट चंद्रावती नामक स्थान पर स्नान के लिए हजारों व्यक्ति एकत्रित होते हैं।

**2. अरब सागर में गिरने वाली नदियाँ –**

**1. लूनी नदी –**

- इस नदी का **उद्गम स्थल अजमेर जिले में स्थित नाग पहाड़ी है।**
- पुष्कर से गोविंदगढ़ (अजमेर) तक इसे साक्री के नाम से जाना जाता है।
- **अजमेर में इसे साबरमती, सागरमती, या सरस्वती कहा जाता है, आगे चल कर इसे लूनी नदी के नाम से जाना जाता है।**
- यह अरावली के पश्चिम में बहने वाली सबसे बड़ी नदी है। लूनी नदी मरुस्थल की सबसे लंबी नदी भी है।
- इसे अन्य नामों से भी जाना जाता है जैसे – **मारवाड़ की जीवनरेखा, मरुस्थल की गंगा,** आधी खारी आधी मीठी नदी, अंतः सलिला (जो कि कालिदास ने दिया था), **रेल या नीडा (सांचौर में जाना जाता है)।**
- राजस्थान में इसकी कुल लम्बाई लगभग 320 किलोमीटर है।
- **अपवाह क्षेत्र –** अजमेर, नागौर, ब्यावर, जोधपुर, बालोतरा, बाड़मेर, सांचौर आदि
- इस नदी की कुल लंबाई लगभग 495 किलोमीटर है जो कि पूर्णतया बरसाती नदी है। इसका जल **बालोतरा तक मीठा तथा बाद में खारा हो जाता है** इसलिए इसे आधी मीठी आधी खारी नदी के नाम से जाना जाता है।
- इसकी **सहायक नदियाँ** निम्न प्रकार है – **सूकड़ी, जवाई, सगाई, लीलड़ी, जोजड़ी, मीठड़ी, सागी इत्यादि।**
- इसका अपवाह अजमेर, नागौर, ब्यावर, जोधपुर, बालोतरा, बाड़मेर और सांचौर जिले में है। सांचौर जिले में लूनी नदी के तेज प्रवाह के कारण इसे रेल या नीड़ा कहा जाता है।
- लूणी नदी के किनारे सरदार समंद परियोजना है।
- हल्दीघाटी के युद्ध की योजना अकबर ने इसी नदी के तट पर बनाई थी।
- लूनी एवं बनास राज्य की ऐसी नदियाँ है जो अरावली पर्वतमाला को मध्य में से विभाजित करती है।
- **लूनी नदी से जोधपुर की जसवंत सागर बाँध को पानी की आपूर्ति होती है।**
- लूनी नदी में दाईं ओर से केवल जोजड़ी नदी मिलती है इसका उद्गम नागौर के पोंडरु गाँव की पहाड़ियों से होता है।
- यह नदी अंत में सांचौर में बहकर गुजरात के कच्छ जिले में प्रवेश करती है और फिर **कच्छ के रण में विलुप्त हो जाती है।**
- बालोतरा जिला लूनी नदी के दाये किनारे स्थित है।

**2. माही नदी**

- **इस नदी को दक्षिण की गंगा, कांठल की गंगा वागड़ की गंगा, आदिवासियों की गंगा,** दक्षिण राजस्थान की जीवन रेखा या स्वर्ण रेखा आदिवासियों की जीवन रेखा कहा जाता है।

- इस नदी पर से ई परियोजना के तहत सुरंग का निर्माण किया गया है । इसके द्वारा इस नदी का जल पाली जिले के में स्थित जवाई बाँध में पहुंचाया जा रहा है ।
- **पाली जिले में स्थित जवाई बाँध को "मारवाड़ का अमृत सरोवर" कहा जाता है** यह बाँध पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा बाँध है जो कि जवाई नदी पर निर्मित है ।
- यह बाँध पाली जिले के सुमेरपुर कस्बे में स्थित है।

**9. सोम नदी -**

- इस नदी का **उद्गम उदयपुर जिले के** ऋषभदेव के पास बावलवाड़ा के जंगलों में स्थित **बिछामेड़ा की पहाड़ियों से होता** है ।
- इसकी कुल लम्बाई लगभग 50 किलोमीटर है।
- इसकी सहायक नदियाँ जाखम, टीडी, गोमती, सारनी आदि है।
- यह नदी उदयपुर जिले के कोटड़ा तहसील में बहती हुई डूंगरपुर जिले में स्थित बेणेश्वर नामक स्थान से नेवटपूरा में माही एवं जाखम नदी के साथ मिलकर त्रिवेणी संगम बनाती है।

**10. जाखम नदी -**

- इस नदी का उद्गम प्रतापगढ़ जिले की छोटी सादड़ी के भंवरमाता की पहाड़ियों से होता है ।
- अंत में यह नदी डूंगरपुर जिले में स्थित बेणेश्वर नामक स्थान के नेवटपूरा में माही तथा सोम के साथ मिलकर त्रिवेणी संगम बनाती है।

**11. पश्चिमी बनास नदी -**

- इस नदी का **उद्गम सिरोही जिले से अरावली पर्वत से नया सानवारा गाँव की पहाड़ियां से होता** है ।
- राज्य का सर्वाधिक आर्द्रता एवं शीतलता के लिए विख्यात माउंट आबू शहर इसी नदी के तट पर बसा है।
- इसी नदी के तट पर गुजरात राज्य का डीसा शहर बसा हुआ है।
- इसकी कुल लम्बाई 260 किमी है।
- सिरोही में बहकर यह गुजरात के बनासकांठा में प्रवेश कर जाती है । उसके बाद कच्छ के लिटिल रन में प्रवेश कर जाती है ।

**12. लीलड़ी नदी –**

- यह नदी **अरावली पर्वत से निकलती है** और पाली जिले के जैतारण तहसील के सुमेल और रास नामक गाँव से प्रवाहित होती हुई दक्षिण - पश्चिम की ओर मुड़ जाती है ।
- इसी नाम की एक दूसरी नदी अरावली पर्वत से निकलती है और गोरिया एवं बोयल नामक गाँव से प्रवाहित होती हुई लगभग 45 किलोमीटर दूरी तय करती है ।
- यह नदी सुकड़ी नदी से मिलती हुई नीमाज से प्रभावित होती है और अंत में लूनी नदी से मिल जाती है।

इसके अलावा सूकड़ी ,मित्री नदियाँ ऐसी हैं जो अरब सागर की ओर बहती है।

**13. चेप नदी :-**

- यह नदी कालिंजरा की पहाड़ियों से निकलती है । प्रारंभ में उत्तरी दिशा में बहती है और फिर दक्षिण की ओर प्रवाहित होती हुई माही नदी में मिल जाती है ।

**14. सूकली नदी :-**

- यह नदी पश्चिमी बनास की एक महत्वपूर्ण सहायक नदी है जो सिरोही जिले के दक्षिण-पश्चिम में आबू और निबाज की पहाड़ियों के मध्य प्रवाहित होती है ।
- इस नदी के पूर्वी शाखा दाँत्राइ गाँव के निकट की पहाड़ियों से निकलती है और पहले दक्षिण-पूर्व में और फिर दक्षिण-पश्चिम में लगभग 23 किलोमीटर तक प्रवाहित होती है।
- सूकली की पश्चिमी शाखा सलवाड़ा की पहाड़ियों से निकलती है और लगभग 40 किलोमीटर तक प्रवाहित होने के पश्चात् जावाल के निकट यह पूर्वी शाखा से मिल जाती है ।
- यहाँ से इस नदी का नाम सीपू नदी हो जाता है ।

**15. मीठड़ी नदी :-**

- यह छोटी नदी है जो जालौर जिले की अरावली पहाड़ियों से निकलती है ।
- जालौर जिले के आहोर तहसील में यह मैदानी क्षेत्रों में लुप्त हो जाती है लेकिन इस जिले में यह डूडिया गाँव के निकट पुनः नदी का रूप धारण कर लेती है ।
- बालोतरा जिले में यह नदी रजिया की ढाणी नामक गाँव में प्रवेश करती है और सेवाना तहसील के मोतीसरा और राखी नामक गाँव में प्रवाहित होती है ।
- यह नदी बिलाड़ा तहसील में खोआसपुरा के निकट प्रवेश करती है और सिहारा, पोसाना, जालिवाड़ा, पिपाड़, बिलासपुर आदि गांवों से प्रवाहित होती हुई लूनी नदी से मिल जाती है।
- जोधपुर जिले में यह लगभग 81 किलोमीटर प्रवाहित होती है ।
- वर्षा ऋतु में यह नदी करनावल नाला के माध्यम से मंगला नामक गाँव के निकट लूनी नदी से मिल जाती है ।

**16. सूकड़ी नदी :-**

- यह नदी अरावली पर्वत श्रृंखला की मुख्य श्रेणी के पश्चिमी ढाल से देसूरी के निकट से निकलती है।
- इसका उद्गम देसुरी की पहाड़ियां पाली जिले से होता है और जालौर जिले में प्रवाहित होती हुई बालोतरा जिले में माजल - बरवा के निकट बालोतरा जिले में प्रवेश करती है ।
- फिर यह बालोतरा जिले में 15 किलोमीटर बहती है और समदड़ी के निकट लूनी नदी से मिल जाती है ।
- इस नदी की कुल लंबाई लगभग 100 मील है । यह एक बरसाती नदी है जैसा कि इसके नाम सूकड़ी से ही स्पष्ट है।
- इसके जल का उपयोग मुख्यतः कृषि कार्यों के लिए किया जाता है ।

- इस नदी के किनारे माजल और जालिया नामक गाँव स्थित हैं।

17. **सूकड़ी नं. 2** :-

- प्रारंभ में यह नदी बाड़मेर जिले के धावन नामक गाँव में प्रवेश करती है और फिर लगभग 20 किलोमीटर प्रवाहित होने के पश्चात् सांचौर जिले में प्रवाहित होते हुए गोलिया गाँव के निकट लूनी नदी से मिल जाती है।
- इसके अतिरिक्त बाड़मेर जिले के पचपदरा तहसील में लिक नाड़ी बाड़मेर नगर के निकट, रानी गाँव नाला, कवास नाला और शिव तहसील का कोनायल नाला आदि जलधाराएं भी महत्वपूर्ण है।

### 3. आंतरिक प्रवाह वाली नदियाँ

**1. घग्घर नदी** -

- इस नदी को **अन्य नाम जैसे सरस्वती नदी, मृत नदी,** नट नदी, के नाम से जाना जाता है
- इस नदी की कुल लंबाई लगभग 465 किलोमीटर है। राजस्थान में इसकी लम्बाई लगभग 100 किमी है। **इस नदी के किनारे कालीबंगा सभ्यता का विकास हुआ था।**
- **राजस्थान की आंतरिक प्रवाह की सर्वाधिक लंबी नदी घग्घर नदी का उद्गम हिमाचल प्रदेश में कालका के निकट शिवालिक की पहाड़ियों (कालका माता के मंदिर के पास) से होता है।**
- यह नदी पंजाब, हरियाणा में बहकर **हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी नामक स्थान पर प्रवेश करती है और भटनेर दुर्ग के पास जाकर समाप्त हो जाती है।** किंतु कभी - कभी अत्यधिक वर्षा होने की स्थिति में यह नदी श्रीगंगानगर जिले में भी प्रवेश करती है तथा यहाँ पर यह नदी तलवाड़ा झील का निर्माण करती है।
- इसके पश्चात् यह नदी सूरतगढ़, अनूपगढ़ में बहती हुई कभी - कभी पाकिस्तान के बहावलपुर जिले में प्रवेश कर जाती है और **अंत में फोर्ट अब्बास नामक स्थान तक जाकर समाप्त हो जाती है।**
- **पाकिस्तान में इस नदी के बहाव क्षेत्र को हकरा** नाम से जाना जाता है। हकरा एक फारसी शब्द है और पंजाब में इसे चितांग नाम से जानते हैं
- इस नदी को **वैदिक काल में दृषद्वती नदी** के नाम से जानते थे। **ऋग्वेद के दसवें मंडल में इस नदी का** उल्लेख है।
- **इस नदी के कारण "श्रीगंगानगर" को राजस्थान का "धान का कटोरा" कहा जाता है। स्थानीय भाषा में इसे नाली कहते हैं।**
- यह **राजस्थान की एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय नदी है जो कि पाकिस्तान में बहती है।**
- इस नदी के मुहाने पर अनूपगढ़ जिला मुख्यालय स्थित है।
- वर्षा ऋतु में इस नदी में पानी अधिक होने के कारण यह नदी इस नदी राजस्थान में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर देती है इसीलिए **इसे "राजस्थान का शोक भी कहते हैं।**

**2. कांतली नदी** –

- यह नदी सीकर जिले में स्थित खंडेला की पहाड़ियों से निकलती है और इसकी कुल लंबाई लगभग 100 किलोमीटर है।
- कांतली का बहाव क्षेत्र तोरावाटी कहलाता है।
- यह नदी सीकर, नीमकाथाना व झुंझुनूं में बहने के बाद झुंझुनू-चुरु की सीमा के पास मंड्रेला गाँव के समीप विलुप्त हो जाती है।
- यह एक मौसमी नदी है, क्योंकि यह केवल वर्षा की ऋतु में ही बहती है। कांतली नदी मिट्टी का कटाव अधिक करती है, इसलिए इसे स्थानीय भाषा में "काटली नदी" कहा जाता है।
- प्रसिद्ध **गणेश्वर सभ्यता जो की नीमकाथाना** में व सुनारी (खेतड़ी, नीमकाथाना) है, इस सभ्यता का विकास इसी नदी के तट पर हुआ है।
- गणेश्वर सभ्यता को ताम्र सभ्यताओं की जननी कहा जाता है।
- लगभग 5000 वर्ष पूर्व नीमकाथाना जिले में इसी नदी के तट पर इस सभ्यता का विकास हुआ।
- यहाँ से मछली पकड़ने के 400 कांटे प्राप्त हुए इससे ज्ञात होता है कि लगभग 5000 वर्ष पूर्व कांतली नदी में पानी की मात्रा रही होगी।
- कांतली नदी झुंझुनू को दो भागों में विभाजित करती है। नीमका थाना इसी नदी के किनारे स्थित है।
- पूर्णतः प्रवाह की दृष्टि से कांतली नदी राजस्थान में बहने वाली आंतरिक प्रवाह वाली सबसे लम्बी नदी है।

**3. साबी नदी** -

- **साबी का उद्गम जयपुर ग्रामीण जिले में सेवर की पहाड़ियों से होता है।** जयपुर ग्रामीण से निकलने के बाद यह नदी कोटपूतली-बहरोड़ जिले में प्रवेश करती है। पटौदी (गुरुग्राम, हरियाणा) की नजफ़गढ़ झील में विलीन हो जाती है।
- यह वर्षा ऋतु में अपनी "**विनाश लीला**" के लिए प्रसिद्ध है
- अकबर ने इस पर कई बार पुल बनाने का प्रयास किया था लेकिन वह असफल रहा था।
- जोधपुरा सभ्यता (कोटपूतली-बहरोड़) नामक उत्खनन स्थल से "हाथी दांत के अवशेष" मिले हैं वह इसी नदी के तट पर स्थित है।

**4. रूपारेल नदी** -

**रूपारेल नदी का उद्गम अलवर जिले में स्थित उदयनाथ की पहाड़ियों से होता है,** रूपारेल नदी को लसवारी नदी तथा वराह नदी के नाम से भी जाना जाता है। यह नदी डीग जिले में प्रवेश कर समाप्त हो जाती है।

इस नदी का प्रवाह क्षेत्र लगभग 104 किमी है।

**सहायक नदी** – शानगंगा, शूकरी, नारायणपुर

**5. मेंथा (मेंडा) नदी** -

मेंथा नदी का **उद्गम जयपुर ग्रामीण जिले में स्थित मनोहर थाना क्षेत्र की पहाड़ियों से** होता है। मेंथा नदी उत्तर दिशा में बहकर जाती है और **नागौर में प्रवेश कर सांभर झील**

- दक्षिण एशिया में पहली बार विश्व झील सम्मेलन का आयोजन 28 अक्टूबर से 2 नवंबर 2007 को जयपुर में किया गया था।

अब हम खारे पानी की झीलों को सबसे पहले विस्तार में समझते हैं और फिर मीठे पानी की झीलों के बारे में पढ़ेंगे।

**(अ) <u>खारे पानी की झीलें –</u>**




**I. <u>सांभर झील</u>**

- **राजस्थान के जयपुर – फुलेरा मार्ग पर जयपुर से लगभग 65 किलोमीटर दूर स्थित सांभर झील भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक एवं खारे पानी की झील है।**
- इस झील का विस्तार 3 जिलों में है – **जयपुर ग्रामीण, अजमेर और नागौर,** लेकिन सर्वाधिक विस्तार जयपुर जिले में है और इसका प्रशासनिक अधिकार नागौर जिले का है।
- इस झील की लंबाई दक्षिण - पूर्व से उत्तर - पश्चिम की ओर लगभग 32 किलोमीटर है और चौड़ाई लगभग 3 से 12 किलोमीटर है इसका कुल अपवाह क्षेत्र लगभग 500 वर्ग किलोमीटर है।
- **सांभर झील में मेंथा नदी, रूपनगढ़ नदी, खारी नदी और खंडेला नदी आकर मिलती हैं। इस झील पर भारत सरकार की "हिंदुस्तान साल्ट लिमिटेड कंपनी" द्वारा नमक उत्पादन कार्य किया** जा रहा है ।
- हिंदुस्तान साल्ट लिमिटेड की स्थापना 1964 ई. में की गयी। इस झील में प्रति 4 मीटर की गहराई पर 350 लाख टन नमक उत्पादन होता है जो **भारत के कुल उत्पादन का 8.7% सांभर झील** से ही उत्पादित होता है।
- इसे 1990 ई. में रामसर साईट में शामिल किया गया।
- इस झील में **'क्यारी पद्धति'** द्वारा किया जाता है।
- सांभर झील में सर्दियों में फ्लेमिन्गोज (राजहंस) पक्षी उत्तरी एशिया से बड़ी संख्या में आते है।

> **इस झील से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण तथ्य -**
